# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## बुधवार, दिनांक 19 मार्च, 2025

## कुल संख्या-25

| | |
|---|---|
| उप मुख्य मंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 04 |
| जल संसाधन मंत्री | 02 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 02 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 05 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### झुंझुनूं विधान सभा क्षेत्र में बसों का संचालन

479. (3409/परिवहन/अता.) श्री राजेन्द्र भाम्बू (103) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र झुंझुनूं में झुंझुनूं से जयपुर वाया बगड़, केहरपुरा, सुल्ताना, सोलाना, बड़ागांव, उदयपुरवाटी परिवहन निगम की बसें संचालित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज़ पर रखें।

### मुख्यालय करौली पर वर्कशॉप की स्थापना

480. (6805/परिवहन/अता.) श्री दर्शनसिंह (77) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार करौली मुख्यालय पर रोडवेज डिपो का वर्कशॉप संचालित

करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## राजकीय महाविद्यालय, मसूदा में परीक्षा केन्द्र

481. (8449/उच्च शिक्षा/अता.) श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा) (154)- क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि राजकीय महाविद्यालय, मसूदा में परीक्षा केन्द्र नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार मसूदा में परीक्षा केन्द्र बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## गजसिंहपुर में खेल स्टेडियम का निर्माण

482. (4168/युवा मामले एवं खेल/अता.) श्री रूपिन्द्र सिंह कुन्नर (200) - क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बजट 2024-25 में विधान सभा क्षेत्र करणपुर के अन्तर्गत गजसिंहपुर में खेल स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर में उक्त खेल स्टेडियम के लिये भूमि कहां चिन्हित की गयी है? वर्तमान में स्टेडियम निर्माण कार्य की क्या स्थिति है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## श्रीडूंगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र में रीको औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार

483. (8226/उद्योग/अता.) श्री ताराचन्द (73) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ के रीको औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना

484. (5236/कौशल नियोजन एवं उद्यमिता/अता.) श्री सुखवंत सिंह (65) - क्या कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में वर्तमान में कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हैं? जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला अलवर में कहां-कहां पर राजकीय व निजी क्षेत्र के उक्त संस्थान संचालित हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र रामगढ़ के रामगढ़ एवं गोविन्दगढ़ में राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां व कब तक तथा नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## धोलाई (मानसरोवर) में पेयजल आपूर्ति

485. (6699/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी/अता.) श्री श्रीचन्द कृपलानी (168) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जयपुर के धोलाई (मानसरोवर) स्थित विधान सभा नगर में हर घर नल योजना के तहत बीसलपुर पेयजल की लाइन बिछा दी गई है? यदि हां, तो क्या उक्त लाइनों की कॉलोनी के सभी ब्लॉक में प्रेशर टेस्टिंग भी कर ली गई है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि अभी तक उक्त कॉलोनीवासियों को बीसलपुर पेयजल लाइन से नल कनेक्शन जारी नहीं किए गए हैं? यदि हां, तो सरकार कनेक्शन जारी कर कब तक पेयजल सप्लाई प्रारम्भ करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## द्वितीय जल कनेक्शन के नियमों में सरलीकरण

486. (7116/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी/अता.) श्री टीकाराम जूली (71) - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में विभाग द्वारा एक नल कनेक्शन के अलावा द्वितीय कनेक्शन देने पर प्रतिबंध लगा रखा है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वितीय जल कनेक्शनों के नियमों में सरलीकरण कर जनहित में उक्त प्रतिबंध को हटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती

487. (8305/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी/अता.) श्रीमती शिमला देवी (163) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि तकनीकी कर्मचारियों के अंतर्गत मीटर रीडर, फिटर, पम्प ड्राइवर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल, लाइनमैन व हैल्पर पदों की भर्ती तीन दशक से नहीं हुई है? यदि हां, तो क्यों?

(2) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर भर्ती करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शिव विधान सभा क्षेत्र में जलाशयों का निर्माण

488. (8474/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी/अता.) श्री रविन्द्र सिंह भाटी (126) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र शिव में कुम्हारों की ढाणी में जलाशय का निर्माण कब करवाया गया तथा वर्तमान में उक्त की क्या स्थिति है? वर्तमान मौका स्थिति के अनुसार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त जलाशय लम्बे समय से जर्जर हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जलाशयों की मरम्मत कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मनोहरथाना विधान सभा क्षेत्र में एनीकट निर्माण

489. (5600/जल संसाधन/अता.) श्री गोविन्द प्रसाद (48) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र मनोहरथाना में घुलडी बांध का निर्माण कब हुआ व नहरों का जीर्णोद्धार कब-कब किया गया? नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त नहरों की मरम्मत का कार्य कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार ग्राम गोरिया खेड़ा ग्राम पंचायत टोडरी जगन्नाथ में घोड़ा पछाड नदी पर व ग्राम ढाबा ग्राम पंचायत बासखेड़ा में परवन नदी पर एनिकट बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## बांकली बांध की नहरों एवं खालों का निर्माण

490. (6681/जल संसाधन/अता.) श्री छगनसिंह राजपुरोहित (54) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार बांकली बांध की नहरों एवं खालों को पक्का करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि खालों का कच्चा होने के कारण किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या का निस्तारण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उदयपुर विधान सभा क्षेत्र के मां-बाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण

491. (4024/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री फूल सिंह मीणा (98) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण में वर्तमान में कितने मां- बाड़ी केन्द्र संचालित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में संचालित मां-बाड़ी केन्द्रों में कितनों के

भवन बने हुए हैं एवं कितने केन्द्र भवन विहीन हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त केन्द्रों में से कितनों का भवन निर्माण अभी तक अपूर्ण हैं? क्या सरकार द्वारा निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं करने वाली संबंधित फर्म पर कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## दौसा विधान सभा क्षेत्र में टाडा-माडा योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य

492. (8211/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री दीन दयाल (119) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र दौसा के किन-किन पंचायत समितियों की, किन-किन ग्राम पंचायतों के, कौन-कौनसे ग्राम टाडा-माडा योजना के अन्तर्गत सम्मिलित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विगत तीन वर्षों में उक्त योजना के अन्तर्गत कुल कितने कार्य, कहां-कहां पर स्वीकृत किये गये तथा उक्त कार्यों में कितनी राशि व्यय की गई? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त योजनान्तर्गत किस-किस ग्राम पंचायत के, किस-किस गांव में, क्या-क्या विकास कार्य प्रस्तावित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला कोटपूतली-बहरोड़ में भूमिहीनों को भूमि का आवंटन

493. (1627/राजस्व/अता.) श्री देवी सिंह शेखावत (81) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ में भूमिहीनों को भूमि आवंटन हेतु आवेदन की पत्रावलियां लम्बित हैं? यदि हां, तो कितनी व कब से? श्रेणीवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार लम्बित पत्रावलियों पर निर्णय लेकर भूमिहीनों को भूमि आवंटित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## किशनगंज विधान सभा क्षेत्र के तहसील कार्यालयों में रिक्त पद

494. (6350/राजस्व/अता.) श्री ललित मीना (142) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) किशनगंज विधान सभा क्षेत्र में तहसील एवं उप तहसील कार्यालय में राजस्व कार्मिकों के कितने कितने पद रिक्त हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## किशनगढ़ विधान सभा क्षेत्र में श्मशान हेतु भूमि का आवंटन

495. (8770/राजस्व/अता.) श्री विकास चौधरी (148) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र किशनगढ़ में किस-किस गांव में श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान हेतु जमीन आवंटित है तथा किस-किस गांव के प्रस्ताव लंबित हैं? गांववार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र के कई गांवों में श्मशान/कब्रिस्तान हेतु जमीन आवंटित नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार भूमि आवंटित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भीलवाड़ा शहर का मास्टर प्लॉन

496. (8227/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री अशोक कुमार कोठारी (17) - क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या भीलवाड़ा शहर के मास्टर प्लान में दर्शायी गई सभी सड़कें मौके पर चालू हालत में हैं? यदि नहीं, तो कौन-कौनसी सड़कें मास्टर प्लान में होते हुए भी बन्द हैं? बन्द होने का क्या कारण है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार मास्टर प्लान में दर्शायी गई सड़कों को प्लान में वर्णित

चौड़ाई अनुसार उक्त सड़कों को चालू करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## रामेश्वर धाम योजना, चन्दलाई में आवंटित भूखण्ड

497. (7401/सहकारिता/अता.) श्री भीम राज भाटी (107) - क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि केडिया कॉलोनाईजर द्वारा रामेश्वर धाम योजना, ग्राम चन्दलाई, शिवदासपुरा, जयपुर में आवासीय योजना काटी गई थी? यदि हां, तो किस-किस साईज के? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त योजना में किस-किस भूखण्डधारियों को 400 वर्ग गज से बड़े भूखण्ड आवंटित किये गये? साईड प्लॉन व जारी किये गये पट्टों की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खातीपुरा पुलिया के नीचे सड़क सीमा में अतिक्रमण

498. (8953/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री रोहित बौहरा (139) - क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि झोटवाड़ा बाजार, जयपुर में रोड़ के मध्य डिवाईडर कट के कारण प्रतिदिन यातायात जाम रहता है? यदि हां, तो क्या सरकार इन डिवाईडर कट को बन्द करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार खातीपुरा पुलिया व झोटवाड़ा पुलिया के नीचे से यू-टर्न चालू कर यातायात को नियंत्रण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि खातीपुरा पुलिया के नीचे दोनों तरफ सड़क की चौड़ाई कम है तथा निर्धारित सड़क सीमा में अतिक्रमण किया हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमणों को हटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका बौंली में अग्निशमन वाहन

499. (4260/नगरीय विकास/अता.) श्रीमती इन्द्रा (20) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार द्वारा नवगठित नगरपालिका बौंली में अग्निशमन वाहन उपलब्ध करा दी गई है? यदि नहीं, तो कब तक उपलब्ध करा दी जाएगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नवगठित नगरपालिकाओं को बजट का आवंटन

500. (8436/स्वायत्त शासन/अता.) श्री श्रवण कुमार (167) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गठित की गई नई नगरपालिकाओं को वर्तमान में बजट नहीं दिया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नगरपालिकाओं को बजट देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(2) क्या सरकार उक्त नवगठित नगरपालिकाओं को निरस्त करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## छबड़ा विधान सभा क्षेत्र के कार्यालयों में रिक्त पद

501. (1033/ऊर्जा/अता.) श्री प्रताप सिंह सिंघवी (94) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

विधान सभा क्षेत्र छबडा के किस-किस कार्यालय में, किस-किस संवर्ग के, कितने-कितने पद सृजित हैं? उक्त में से कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शिव व बायतू के ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कार्य

502. (3842/ऊर्जा/अता.) श्री हरीश चौधरी (195) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

सरकार शिव में स्वीकृत 220 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन तथा विधान सभा क्षेत्र बायतू के ग्राम कोसरियां में स्वीकृत 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन के निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बयाना विधान सभा क्षेत्र में ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण

503. (4593/ऊर्जा/अता.) डा. ऋतु बनावत (24) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र बयाना में सरकार द्वारा बजट 2024 में 220 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन निर्माण की घोषणा की गई है? यदि हां, तो उक्त का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 10 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव।**